# Daily Current Affairs

Date : 01 July, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | अरावली पर्वतमाला में नए पौधे की खोज : पोर्टुलाका भारत |
| 2. | 19वां राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह |
| 3. | 29वां राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह |
| 4. | गोआईस्टेट्स (GoIStats) ऐप |
| 5. | धरती आबा जनभागीदारी अभियान (DAJA) |
| 6. | ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2025 |
| 7. | एट सी ऑब्जर्वर मिशन |
| 8. | प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (MEE) में केरल शीर्ष पर |
| 9. | माले महादेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य |
| 10. | अग्नि-5 का हाइपरसोनिक संस्करण |
| 11. | हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 |
| 12. | राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं हेतु देशव्यापी अभियान<br>2. जैव विविधता और संरक्षण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025<br>3. QUAD शिखर सम्मेलन की मेजबानी : भारत<br>4. पहली भारत निर्मित एंटीना संयंत्र<br>5. US ओपन 2025 बैडमिंटन |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## अरावली पर्वतमाला में नए पौधे की खोज : पोर्टुलाका भारत

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जयपुर स्थित गलताजी मंदिर के पास पोर्टुलाका वंश से संबंधित एक नए पौधे 'पोर्टुलाका भारत' की खोज की गई।



### मुख्य बिंदु :

- पोर्टुलाका भारत नामक इस पौधे को भारतीय स्थानिक प्रजातियों की सूची में शामिल किया गया है।
- वर्तमान में इसकी अन्य कोई ज्ञात संख्या नहीं होने के कारण इसे अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की रेड लिस्ट के तहत 'अपर्याप्त आंकड़ों' की श्रेणी में रखा गया है।
- वर्तमान में पोर्टुलाका वंश की विश्व में लगभग 153 प्रजातियाँ हैं, जो मुख्यत: उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती हैं।
- ये रसीले पौधे अपनी कठोरता, जल संग्रह करने वाले ऊतकों और चरम परिस्थितियों के अनुकूलन के लिए जाने जाते हैं।
- भारत में वर्तमान में इसकी 11 प्रजातियाँ ज्ञात हैं, जिनमें से 4 स्थानिक हैं और ये मुख्यत: शुष्क एवं अर्द्ध-शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 19वां राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह

**➲ चर्चा में क्यों?**

- प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जंयती के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में 19वां राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह आयोजित किया गया।




**➲ मुख्य बिंदु :**

- मुख्यमंत्री द्वारा 'स्टैटिस्टिकल इयरबुक 2025' और 'राजस्थान SDGs स्टेटस रिपोर्ट 2025' का विमोचन और 'SDGs वेबसाइट 2.0' का शुभारंभ किया गया।
- राज्य में सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सहित 16 अधिकारियों-कर्मचारियों को राज्य स्तरीय 'प्रोफेसर पीसी महालनोबिस सांख्यिकी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
- प्रोफेसर प्रशांत चन्द्र महालनोबिस द्वारा सांख्यिकी के क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के उपलक्ष्य में उनके जन्म दिवस 29 जून को प्रति वर्ष सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की थीम :** 'नेशनल सैंपल सर्वे के 75 साल'।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 29वां राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह

## चर्चा में क्यों?

- 28 जून, 2025 को जयपुर में '29वां राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह' आयोजित किया गया।




## मुख्य बिंदु :

- इस सम्मान समारोह में 135 भामाशाहों को सम्मानित किया गया।
- मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सहयोग देने वाले 35 भामाशाहों को 'शिक्षा विभूषण सम्मान' तथा 30 लाख से 1 करोड़ रुपये तक का सहयोग देने वाले 100 भामाशाहों को 'शिक्षा भूषण सम्मान' प्रदान किया गया।
- मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में प्रवासी राजस्थानी शिक्षा सम्मेलन आयोजित करने वाले 15 प्रवासी राजस्थानी भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया।
- राजस्थान में 'शिक्षा का अधिकार' अधिनियम के तहत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों की फीस पुनर्भरण व ट्रांसपोर्ट वाउचर की राशि का हस्तांतरण किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## गोआईस्टेट्स (GoIStats) ऐप

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्र सरकार ने आधिकारिक आंकड़ों तक सरल और सुविधाजनक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'गोआईस्टेट्स' (GoIStats) नामक मोबाइल ऐप लॉन्च किया।




### ➲ मुख्य बिंदु :

- यह पहल राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSO) द्वारा शुरू की गई है।
- यह आधिकारिक आंकड़ों को आम नागरिकों के लिए अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता-हितैषी बनाने की भारत की प्रतिबद्धता की दिशा में एक अहम कदम है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSO):

- **NSO केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक प्रमुख सांख्यिकीय संस्था है।**
- **इसका मुख्य उद्देश्य देशभर में सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय क्षेत्रों से जुड़े आंकड़ों का वैज्ञानिक तरीके से संग्रहण, विश्लेषण और प्रकाशन करना है।**
- **स्थापना: राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) की स्थापना वर्ष 1950 में हुई थी। NSSO और केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) के विलय से गठित NSO की स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी।**
- **संरचना: NSO मुख्यत: तीन घटकों से मिलकर बना है:**
  - **सर्वेक्षण और क्षेत्रीय कार्य विभाग (FOD)**
  - **सामाजिक सांख्यिकी विभाग (SSD)**
  - **आर्थिक सांख्यिकी विभाग (ESD)**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# धरती आबा जनभागीदारी अभियान (DAJA)

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **15 से 30 जून, 2025 तक 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनभागीदारी अभियान (DAJA) का संचालन किया गया।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **यह अब तक का सबसे व्यापक जनजातीय सशक्तीकरण अभियान है।**
- **इस अभियान के तहत 207 विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTG) ज़िलों को भी शामिल किया गया है।**
- **यह अभियान शिविर-आधारित और समुदाय-केन्द्रित मॉडल पर आधारित है, जिसमें ज़िला प्रशासन, युवा स्वयंसेवक, नागरिक समाज संगठनों (CSOs) और जनजातीय प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### धरती आबा जनभागीदारी अभियान (DAJA):

- यह एक राष्ट्रव्यापी जनजातीय सशक्तीकरण पहल है, जिसे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत शुरू किया गया है।
- **उद्देश्य:** इसका मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से दूर-दराज़ क्षेत्रों और विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों (PVTG) की बस्तियों में रहने वाले जनजातीय समुदायों तक केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं को पहुँचाना है।

### जनजातीय गौरव दिवस और गौरव वर्ष:

- भारत सरकार ने वर्ष 2021 में 15 नवम्बर को जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को सम्मान देने हेतु प्रति वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।
- जनजातीय गौरव वर्ष (15 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2025) को जनजातीय संस्कृति, पहचान और प्रगति को समर्पित एक वर्षभर चलने वाले उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

### DAJA के पाँच प्रमुख स्तंभ:

1. **जनभागीदारी:** समुदाय आधारित सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना।
2. **परिपूर्णता:** हर पात्र जनजातीय परिवार तक अधिकारों और योजनाओं की पहुँच।
3. **सांस्कृतिक समावेशन:** जनजातीय भाषाओं, कलाओं, परंपराओं और जीवनशैली का सम्मान और एकीकरण।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

4. **अभिसरण:** मंत्रालयों, नागरिक समाज संगठनों (CSOs), और युवा समूहों के साथ मिलकर कार्यान्वयन।

5. **अंतिम मील वितरण:** सबसे दूरस्थ और वंचित जनजातीय क्षेत्रों तक सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना।

**मुख्य उद्देश्य:**

- इस अभियान का उद्देश्य आधार, आयुष्मान भारत, पीएम-किसान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और जनजातीय-विशेष अधिकारों जैसी केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदायों तक पहुँचाना है।

**समर्थन और समन्वय:**

- यह अभियान प्रधानमंत्री जन-जन मंच (PM-JANMAN) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) जैसी अन्य प्रमुख पहलों के साथ भी समन्वय स्थापित करता है।

**सांस्कृतिक महत्त्व:**

- DAJA अभियान जनजातीय विरासत और सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है। यह बिरसा मुंडा जिन्हें 'धरती आबा' के नाम से जाना जाता है, को जनजातीय स्वाभिमान और प्रतिरोध का प्रतीक मानते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **26 जून, 2025 को हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2025 का सातवां संस्करण जारी**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **हुरुन रिसर्च के अनुसार विश्व में 1,523 यूनिकॉर्न हैं, जो 52 देशों और 307 शहरों में स्थित हैं।**
- **SPACE X दुनिया की सबसे मूल्यवान यूनिकॉर्न बन गई है, जिसका मूल्यांकन 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।**
- **एलन मस्क का नया उद्यम xAI , सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गया।**
- **अक्षय ऊर्जा यूनिकॉर्न : अक्षय ऊर्जा के 50 यूनिकॉर्न हैं जिनका कुल मूल्य 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हैं (सर्वाधिक अक्षय ऊर्जा यूनिकॉर्न : चीन)।**
- **विश्व के 5 शीर्ष यूनिकॉर्न :**

| रैंक | यूनिकॉर्न | मूल्य | देश | क्षेत्र | स्थापना |
|---|---|---|---|---|---|
| 1st | Space X | 350 | USA | Aerospace | 2002 |
| 2nd | Open AI | 300 | USA | AI | 2015 |
| 3rd | Byte Dance | 300 | चीन | Social Media | 2012 |
| 4th | XAI | 115 | USA | AI | 2023 |
| 5th | Ant Group | 87 | चीन | Fin Tech | 2014 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- दक्षिण-पूर्व एशिया में 37 यूनिकॉर्न के साथ बढ़त जारी है, जिसमें सिंगापुर (18 यूनिकॉर्न), इंडोनेशिया (8 यूनिकॉर्न), वियतनाम (4 यूनिकॉर्न), थाईलैंड (3 यूनिकॉर्न), फिलीपींस (3 यूनिकॉर्न) तथा मलेशिया (1 यूनिकॉर्न) शामिल है।

### विश्व के 5 शीर्ष यूनिकॉर्न देश :

| रैंक | देश | यूनिकॉर्न | वृद्धि/ कमी |
|---|---|---|---|
| 1st | अमेरिका | 758 | +55 |
| 2nd | चीन | 343 | +3 |
| 3rd | भारत | 64 | -3 |
| 4th | UK | 62 | +8 |
| 5th | जर्मनी | 30 | 0 |

### विश्व के शीर्ष यूनिकॉर्न शहर

| रैंक | शहर | यूनिकॉर्न |
|---|---|---|
| 1st | सेन फ्रांसिस्को | 199 |
| 2 nd | न्यूयॉर्क | 142 |
| 3 rd | बीजींग | 75 |
| 7 th | बेंगलुरू | 31(-1) |
| 22 th | मुंबई | 12(-2) |

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

- **यूनिकॉर्न :** वर्ष 2000 के दशक में स्थापित स्टार्ट-अप के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसका मूल्य कम से कम एक बिलियन डॉलर है और जो अभी तक किसी सार्वजनिक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## एट सी ऑब्जर्वर मिशन

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और आपसी सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु क्वाड देशों ने पहली बार 'एट सी ऑब्जर्वर मिशन' प्रारम्भ किया।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **इसके तहत भारत, जापान, अमरीका और ऑस्ट्रेलिया के तटरक्षकों ने विलमिंगटन घोषणा के क्रियान्वयन में पहली बार 'क्वाड एट सी शिप ऑब्जर्वर मिशन' शुरू किया है।**
- **इसके प्रावधान के अनुसार प्रत्येक सदस्य देश की महिला अधिकारियों सहित दो अधिकारी अमरीकी कोस्ट गार्ड कटर (USCGC) स्ट्रैटन जहाज पर सवार होकर गुआम की यात्रा कर रहे है।**
- **यह मिशन सितंबर, 2024 में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन में रखे गए दृष्टिकोण को दर्शाता है और भारतीय तटरक्षक बल (ISG), जापान तटरक्षक बल (JCG), अमरीकी तटरक्षक बल (USCG) तथा ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल (ABF) के बीच कार्रवाई आधारित समुद्री संबंधों को विस्तार देने का प्रतीक है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (MEE) में केरल शीर्ष पर

**चर्चा में क्यों?**




- हाल ही में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (MEE) में केरल ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

**मुख्य बिंदु :**

- मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 से 2025 के लिए राष्ट्रीय उद्यानों (NPs) और संरक्षित क्षेत्रों (PAs) में अपनाए गए प्रभावी प्रबंधन प्रथाओं के लिए राज्यों को रैंकिंग प्रदान की गई।
- केरल एकमात्र ऐसा राज्य रहा जिसे 76.22 प्रतिशत स्कोर के साथ 'वेरी गुड' श्रेणी में दर्जा प्राप्त हुआ।
- इसके बाद क्रमश: कर्नाटक (74.24 प्रतिशत), पंजाब (71.74 प्रतिशत) और हिमाचल प्रदेश (71.36 प्रतिशत) का स्थान रहा, जिन्हें 'गुड' श्रेणी में रखा गया है।
- केरल का एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान और जम्मू-कश्मीर का दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले व्यक्तिगत संरक्षित क्षेत्र रहे, दोनों का MEE स्कोर 92.97 प्रतिशत रहा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी घाट में स्थित है, जिसे वर्ष 2012 में यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति द्वारा असाधारण सार्वभौमिक मूल्य (Outstanding Universal Value) के लिए विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।
- केरल का मथिकेतन शोला राष्ट्रीय उद्यान 'अच्छे ढंग से प्रबंधित अन्य स्थलों' में शीर्ष पर रहा, जिसका स्कोर 90.63 प्रतिशत रहा।
- केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ (85.16 प्रतिशत) शीर्ष पर रहा, जबकि लद्दाख (34.9 प्रतिशत) एकमात्र स्थल है, जिसे 'कमज़ोर' (Poor) श्रेणी में रखा गया है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- केरल में कुल छह राष्ट्रीय उद्यान हैं:

1. एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान।
2. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान।
3. मथिकेतन शोला राष्ट्रीय उद्यान।
4. पंपडुम शोला राष्ट्रीय उद्यान।
5. अनामुडी शोला राष्ट्रीय उद्यान।
6. पेरियार राष्ट्रीय उद्यान।

**केरल में स्थित टाइगर रिजर्व:**

1. पेरियार टाइगर रिजर्व।
2. परांबिकुलम टाइगर रिजर्व।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## माले महादेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, कर्नाटक के माले महादेवेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य में एक बाघिन और उसके चार शावकों की ज़हर देकर हत्या कर दी गई।



### ➲ मुख्य बिंदु :

- माले महादेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक के दक्षिण-पूर्व में चामराजनगर जिले में तमिलनाडु की सीमा के समीप स्थित है जिसे वर्ष 2013 में वन्यजीव अभयारण्य के रूप में घोषित किया गया।
- यह क्षेत्र मुख्यत: शुष्क पर्णपाती वनों से युक्त है, जिसमें विभिन्न ऊंचाइयों पर आर्द्र पर्णपाती, अर्ध-सदाबहार, सदाबहार और शोला वनों के छोटे-छोटे भाग भी पाए जाते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- माले महादेश्वर हिल्स अभयारण्य, कर्नाटक के बिलिगिरी रंगनाथस्वामी मंदिर टाइगर रिजर्व तथा कावेरी वन्यजीव अभयारण्य और तमिलनाडु के सत्यमंगलम टाइगर रिजर्व के निकट है, जो दोनों राज्यों के बीच एक महत्वपूर्ण बाघ गलियारे का काम करता है।
- यह क्षेत्र बाघ, तेंदुए, हाथी सहित कई शिकार प्रजातियों की समृद्ध आबादी का आवास है।
- माले महादेश्वर हिल्स को टाइगर रिजर्व में अपग्रेड करने का प्रस्ताव लगभग 15 वर्षों से लंबित है; यदि स्वीकृति मिलती है तो चामराजनगर भारत का पहला जिला बन जाएगा जहाँ तीन टाइगर रिजर्व - बांदीपुर, बिलिगिरी रंगनाथस्वामी मंदिर टाइगर रिजर्व और माले महादेश्वर हिल्स होंगे।
- मध्य प्रदेश के बाद, जिसमें 785 बाघ हैं, कर्नाटक में 563 बाघों की संख्या के साथ भारत की दूसरी सबसे बड़ी बाघ आबादी है।
- यह क्षेत्र दो प्रमुख समुदायों सोलिगा, जो पारंपरिक रूप से शिकारी-संग्राहक हैं और लिंगायत, जो मैसूर से आए मंदिर के पुजारी तथा मंदिर प्रबंधन से जुड़े हैं, का निवास स्थान है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अग्नि-5 का हाइपरसोनिक संस्करण

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर बंकर बस्टर हमलों के बाद भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि-5 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के एक संशोधित संस्करण को बंकर बस्टर (Bunker-Buster) वारहेड के रूप में विकसित किया जा रहा है।**



### ➲ मुख्य बिंदु :

- **अग्नि-5 का नया संस्करण एक पारंपरिक हथियार होगा, जिसमें 7,500 किलोग्राम वजनी बंकर-बस्टर वारहेड ले जाने की क्षमता होगी।**
- **यह मिसाइल 80 से 100 मीटर तक ज़मीन के अंदर घुसकर विस्फोट करने में सक्षम होगी।**
- **नवविकसित अग्नि-5 हाइपरसोनिक संस्करण की मारक क्षमता लगभग 2500 किलोमीटर होगी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अग्नि-5 मिसाइल:

- यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम एक बैलिस्टिक मिसाइल है, जो तीन चरणों वाले ठोस ईंधन इंजन का उपयोग करती है।
- **विकास :** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा।
- अग्नि श्रेणी की मिसाइलों का विकास वर्ष 1980 की शुरुआत में पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP) के तहत शुरू हुआ था।
- अग्नि-5 मिसाइल को सड़क और रेल प्लेटफार्मों से लॉन्च किया जा सकता है।
- अग्नि -6 का विकास निर्माणाधीन है, जिसकी मारक क्षमता (रेंज) 8,000 किमी. से अधिक होगी।

## एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP)

- यह कार्यक्रम वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के निर्देशन में वर्ष 1980 में प्रारम्भ हुआ था।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को मिसाइल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना था।
- इस कार्यक्रम के तहत 5 मिसाइलें; पृथ्वी, अग्नि, त्रिशूल, नाग और आकाश विकसित की गई।
- अग्नि श्रेणी की मिसाइलें भारत की परमाणु प्रक्षेपण क्षमता का मुख्य आधार हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अग्नि श्रेणी की मिसाइलें:

- **अग्नि I : मारक क्षमता (रेंज) - 700-800 किमी.**
- **अग्नि II : मारक क्षमता (रेंज) - 2000 किमी. से अधिक**
- **अग्नि III : मारक क्षमता (रेंज) - 2,500 किमी. से अधिक**
- **अग्नि IV : मारक क्षमता (रेंज) - 3,500 किमी.से अधिक**
- **अग्नि V : अग्नि श्रृंखला की सबसे लंबी मिसाइल, यह एक अंतर-महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) है, जिसकी मारक क्षमता 5,000 किमी. से अधिक है।**
- **अग्नि-पी (प्राइम) : यह 1,000 से 2,000 किलोमीटर के बीच की मारक क्षमता वाली एक कनस्तरीकृत मिसाइल है, जो अग्नि I मिसाइल को प्रतिस्थापित करेगी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

### हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के उद्घाटन संस्करण में ओडिशा हॉकी एसोसिएशन और तमिलनाडु हॉकी यूनिट ने क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के खिताब जीते।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **उद्घाटन :** 18 से 27 जून, 2025 तक तमिलनाडु के चेन्नई में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया गया।
- **आयु मानदंड :** यह मास्टर कप 40 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष खिलाड़ियों तथा 35 वर्ष से अधिक महिला खिलाड़ियों के लिए आयोजित होता हैं।
- **टीम और प्रतिभागी :** 12 पुरुष और 8 महिला टीमों ने भाग लिया।
- **विजेता :**

| श्रेणी | विजेता | उपविजेता |
|---|---|---|
| महिला | ओडिशा | पंजाब |
| पुरुष | तमिलनाडु | महाराष्ट्र |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### पदक :

- **कांस्य पदक :**
    - **महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा ने तमिलनाडु हॉकी यूनिट को हराकर कांस्य पदक जीता।**
    - **पुरुष वर्ग में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया और कांस्य पदक जीता।**

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु


### हॉकी इंडिया

- **हॉकी इंडिया भारत में हॉकी का नियामक निकाय है और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) से संबद्ध है।**
- **स्थापना : 2009, इसने भारतीय हॉकी महासंघ का स्थान लिया, जिसकी स्थापना 1925 में हुई थी।**
- **मुख्यालय : नई दिल्ली।**
- **अध्यक्ष : दिलीप कुमार तिर्की।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस




➲ **चर्चा में क्यों?**

- **प्रति वर्ष 1 जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **भारत में, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पहली बार 01 जुलाई, 1991 को डॉ. बिधान चंद्र रॉय के स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान के सम्मान में मनाया गया।**
- **डॉ. बिधान चंद्र रॉय एक प्रसिद्ध चिकित्सक, शिक्षक, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे।**
- **वे वर्ष 1948 से 1962 तक 14 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी रहे।**
- **04 फरवरी, 1961 को उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। वे महात्मा गांधी के निजी चिकित्सक भी थे।**
- **वर्ष 1976 में उनकी स्मृति में चिकित्सा, विज्ञान, सार्वजनिक मामलों, दर्शन, कला और साहित्य के क्षेत्रों में काम करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति को मान्यता देने के लिए बीसी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई थी।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
| --- | --- |
| 1. | **वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं हेतु देशव्यापी अभियान**  ♦ 1 जुलाई से 30 सितंबर, 2025 तक वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं हेतु देशव्यापी अभियान संचालित किया जा रहा है। ♦ इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी आवश्यक वित्तीय सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना और पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से जोड़ना है। ♦ अभियान के प्रमुख घटकों में प्रधानमंत्री जन धन योजना (PMJDY) के अंतर्गत वर्तमान निष्क्रिय बैंक खातों का पुनः सत्यापन, जिन व्यक्तियों के अभी तक बैंक खाते नही है, उनके नए बैंक खाते खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) और अटल पेंशन योजना (APY) में नामांकन को प्रोत्साहन देना शामिल है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. जैव विविधता और संरक्षण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025





- **पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII), देहरादून में 25-27 जून, 2025 तक भारतीय संरक्षण सम्मेलन (ICCON 2025) का आयोजन किया गया।**
- **भारतीय संरक्षण सम्मेलन की शुरुआत वर्ष 2023 में प्रोजेक्ट टाइगर की स्वर्ण जयंती के अवसर पर हुई थी।**
- **जैव विविधता और संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICBC-25) : 1 - 2 जुलाई, 2025 तक कोबे, जापान में आयोजित किया जा रहा हैं। जिसका मुख्य फोकस आधुनिक, व्यावहारिक समाधानों के साथ क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करना हैं।**
- **राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने 'जैव विविधता (पहुँच और लाभ साझाकरण) विनियम, 2025' नाम से नए नियम जारी किए हैं। भारत में 'पहुँच और लाभ साझाकरण ( ABS)" से जुड़ा सबसे प्रसिद्ध मामला केरल की कानी जनजाति और आयुर्वेदिक गुणों वाले आरोग्यपाचा पौधे (ट्राइकोपस जेलेनिकस) है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3.

## QUAD शिखर सम्मेलन की मेजबानी : भारत



- भारत वर्ष 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- QUAD एक रणनीतिक मंच हैं, जिसमें आस्ट्रेलिया, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान शामिल हैं तथा इसका मुख्य उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
- क्वाड की उत्पत्ति दिसंबर, 2004 में हिंद महासाग*र में आई सुनामी के कारण हुई।
- वर्ष 2007 में पूर्व जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने QUAD को औपचारिक रूप दिया था।
- समूह की पहली बैठक वर्ष 2007 में एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस (आसियान) के दौरान हुई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**4.**

## पहली भारत निर्मित एंटीना संयंत्र



- केंद्रीय संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ने VVDN इनोवेशन पार्क में एरिक्सन की पहली भारत निर्मित एंटीना संयंत्र का उद्घाटन किया।
- एरिक्सन ने उच्च निष्पादन वाले नेटवर्कों के लिए पहले निर्यात हेतु अनुकूल एंटेना के साथ भारत में स्थानीय एंटेना इको-सिस्टम का विस्तार किया।

**5.**

## US ओपन 2025 बैडमिंटन





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### आयुष शेट्टी :

- भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने US ओपन सुपर 300 के फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को हराकर US ओपन का खिताब जीता।
- आयुष इस सीजन में BWF खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शटलर बने।

### तन्वी शर्मा :

- पंजाब के होशियारपुर की 16 वर्षीय खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने अमेरिका के आयोवा के काउंसिल ब्लफ्स में मिड-अमेरिका सेंटर में यूक्रेन की पोलिना बुरहोवा को हराकर महिला एकल फाइनल में प्रवेश किया था।
- महिला एकल स्पर्धा में दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी बुरहोवा को 21-14, 21-16 से हराया।
- तन्वी, वर्तमान में दुनिया की 66वें नंबर की खिलाड़ी हैं, जिसने पूरे टूर्नामेंट में दुनिया की 23वें, 58वें और 50वें नंबर की खिलाड़ियों सहित शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को हराया है। हालांकि फाइनल में अमेरिका की शीर्ष वरीय बेईवेन झांग से हार गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR